[21/3/2025]

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 2725 द्वारा माननीय विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा, सदस्य विधानसभा की पूरक जानकारी

प्रश्न सं. [क्र. 2725]

परिशिष्ट-1

विषय : औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप, जिला - रायसेन में सड़क निर्माण कार्य।

औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप में सडकों का निर्माण/उन्नयन कार्य हेतु राशि रू. 82.88 करोड की प्रशासकीय स्वीकृति म.प्र.शासन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के आदेश क्रं. एफ 2-03/2022/बी-11, दिनांक 09.06.2023 के माध्यम से प्राप्त हुई थी, जिसकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता एम.पी.आई.डी.सी. भोपाल के द्वारा क्रं. 19, वर्ष 2022-23 द्वारा जारी मूल तकनीकी राशि रू. 78.06 करोड के आधार पर पी.ए.सी. राशि रू. 65.15 करोड की निविदा आमंत्रित की गई, जिसमे न्यूनतम निविदाकार मेसर्स वेल्जी रत्ना सरोठिया इन्फ्रा प्रा.लि. द्वारा न्यूनतम दर 25.40 प्रतिशत कम बी.ओ.क्यू दर निविदत की गई, फलस्वरूप दिनांक 06.10.2023 को अनुबंध निष्पादित करते हुये कार्यादेश जारी किया गया जिसमें वर्णित कार्य पूर्ण करने हेतु 18 माह की समयावधि प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि, औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप के सेक्टर फेस-2 की मुख्य सड़क का प्रावधानित उन्नयन कार्य डामरीकरण से न करते हुये वर्षाकाल में बेतवा नदी के बेकवाटर से जल भराव के दृष्टिगत इस सडक को सीमेट कांक्रिट से निर्मित करने का निर्णय लिया गया, जिससे सडक मजबूती के साथ दीर्घकाल तक सेवाएं प्रदान कर सके। तदानुसार सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

वर्तमान में उक्त वर्णित कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, इस कार्य पर राशि रू. 50.04 करोड का भुगतान हो चुका है तथा कार्य की प्रगति अनुसार कार्य का चालू देयक तैयार किया जा रहा है। यह कार्य वर्णित समयावधि में पूर्ण हो जावेगा, फलस्वरूप कार्य सम्पादन में विलम्ब घटित नहीं हुआ।